Title: Need to allot 10,000 houses per year to the people living below poverty line in Ahmednagar in Gujarat under Indira Avas Yojna- Laid.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर): जिलाधिकारी अहमदनगर, मुख्य कार्यवाही अधिकारी जिला परिद तथा जिला ग्रामीण विकास एजेंसी द्वारा हमने पूरे अहमदनगर जिले के गरीबी रेख के नीचे रहने वाले परिवारों का सर्वे किया। प्रस्तुत सर्वे के अनुसार पूरे जिले में **1,50,885 (** एक लाख पचास हजार आठ सौ पच्चासी **)** परिवार गरीबी रेखा के नीचे हैं उनमें से 80,000 परिवारों को उनके खुद के मकान हैं और 20,000 परिवार के टूटे-फूटे मकान हैं, जिन्हें रूपए 10-15 हजार की मदद की तो उनके मकान पक्के मकान में परिवर्तित हो जायेंगे। बिना मकान वाले बाकी 50,885 परिवार रहते हैं।

हमारे जिले का वार्षिक लक्ष्य हर साल 2200 इन्दिरा आवास देने का है। और इसी प्रकार अगर मकान देते रहे तो सबको मकान मिलने के लिए 22-23 साल लग जायेंगे। हमारी एक मंशा है कि आनेवाले 5 साल में कोई भी गरीबी रेखा के नीचे वाला परिवार मकान से वंचित ना रहे। इसलिए मैं आपसे विनती करता हूं कि हर साल अहमदनगर में 10,000 मकान देने का लक्ष्य रखा जाए, ताकि आने वाले 5 साल में गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों को उनका खुद का मकान मिले और हमारा अहमदनगर जिला एक आदर्श रूप में देश के सामने रखा जाए।

* Treated as laid on the Table of the House.